प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 08.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं, कहा–महिलाएं समाज और राष्ट्र की नींव।
- झारखंड समेत देशभर में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कई कार्यक्रम, महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से कर्तव्य–पथ पर शक्ति वॉक का आयोजन ।
- हजारीबाग में आठ लोगों को वाहन से कुचलने की घटना का खुलासा, पुलिस ने कुल 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार।
- रांची सहित कई इलाकों में आज हल्की बारिश की संभावना, अगले तीन दिनों के लिए तेज हवा, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट।
- और आज राज्य के विभिन्न जिलों में अस्मिता महिला लीग का आयोजन।

**********************

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है– महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई। यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज और राष्ट्र की नींव हैं और शिक्षित, आत्मनिर्भर तथा सशक्त महिलाएं समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों से महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने वाले समाज के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने समस्त नारी शक्ति को जोहार और अभिनंदन किया।

**********************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में एक समारोह में शामिल होंगी। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय आज कर्तव्य–पथ पर अलग–अलग क्षेत्र की महिलाओं के साथ शक्ति वॉक का आयोजन कर रहा है।

**********************

कोडरमा के चंदवारा प्रखंड के महुआदोहर गांव में महिलाएं लाह के उत्पादन से लेकर लाह से उत्पाद तैयार कर आत्मनिर्भरता की राह गढ़ रही है। राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान और नाबार्ड के सहयोग से 90 महिलाओं को लाह उत्पादन से लेकर उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। यहां से होने वाली आमदनी से ये महिलाएं अपने बच्चों को बेहतर जीवन शैली की ओर आगे बढ़ा रही है।

**********************

साहिबगंज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत "शिक्षा से संपन्नता करियर मार्गदर्शन उत्सव" के तहत 9 मार्च से 31 मार्च, 2026 तक फुलो झानो डिजिटल ज्ञान केंद्र द्वारा विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों एवं अभ्यर्थियों को शिक्षा, कौशल विकास तथा करियर मार्गदर्शन से जोड़ना है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

हजारीबाग के बड़कागांव थाना क्षेत्र के नापोखुर्द में आठ लोगों को वाहन से कुचलने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। इस घटना में दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई थी। पुलिस में कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

*********************

साहेबगंज जिले में मालदा रेलमंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर बच्चों को संरक्षित करने के लिए ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते चलाया गया है। इसी क्रम में बरहरवा रेलवे स्टेशन पर तीन बच्चों को आरपीएफ द्वारा रेस्क्यू किया गया।

*********************

रांची जिला प्रशासन ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षा की 25 प्रतिशत सीटों पर कमजोर वर्ग और अभिवंचित समूह के बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया जारी रहने की जानकारी दी है। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए ऑनलाइन आवेदन डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट आरटीई डॉट इन पोर्टल के माध्यम से किए जा रहे हैं और इसकी अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 निर्धारित है। जिले के 117 निजी विद्यालयों में कुल 1 हजार 161 आरक्षित सीटें घोषित की गई हैं, जिनके लिए अब तक 383 छात्रों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक योग्य अभिभावकों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है।

*********************

सिमडेगा जिला मुख्यालय में वर्ष 1915 में अंग्रेजों द्वारा निर्मित पुराने अनुमंडल कार्यालय भवन को जिला प्रशासन ने विकसित कर हेरिटेज सेंटर–सह–म्यूजियम के रूप में जनता को समर्पित किया। हेरिटेज सेंटर में प्रथम विश्व युद्ध के समय सिमडेगा क्षेत्र से फ्रांस युद्ध में गए लोगों से संबंधित दस्तावेज, 1931 की जनगणना के अभिलेख, लाह उत्पादन से जुड़ी सामग्री और शिक्षा के विकास से संबंधित दस्तावेज प्रदर्शित किए गए हैं। कार्यक्रम में खूँटी सांसद कालीचरण मुण्डा और विधायक विक्सल कोंगाड़ी भी शामिल हुए। विधायक भूषण  बाड़ा ने कहा कि धरोहरों के संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा और लोग इसका लाभ उठाएंगे।

**********************

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच शाम 7 बजे से खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले को लेकर खेलनगरी जमशेदपुर के युवा और जूनियर क्रिकेटरों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**********************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, आज झारखंड के 10 जिलों में अस्मिता महिला लीग का आयोजन  किया जाएगा। इसमें बोकारो, देवघर, धनबाद, गढ़वा, गोड्डा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा जिले शामिल है । इसका उद्देश्य खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना और जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

**********************

आज रांची सहित राज्य के कई इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा,बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

**********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस  और भारत न्यूजीलैंड में आज के खिताबी मुकाबले की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– ईरान में माफी के बाद भी पड़ोसियों पर किए प्रहार।

दैनिक जागरण लिखता है– रसोई गैस साठ रुपये महंगी, नहीं बढ़ेंगे पेट्रोल और डीजल के दाम

प्रभात खबर के शब्द हैं–  निशांत बनेंगे बिहार के उपमुख्यमंत्री, विधान परिषद में लेंगे पिता का स्थान।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– कौन बनेगा चैंपियन ? टी ट्वेंटी वर्ल्ड कप फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड में मुकाबला।

**********************